जनसंपर्क विभाग, अमेरिकी दूतावास

प्रेस समाचार

शांतिपथ, चाणक्यपुरी, नई दिल्ली 110021 दूरभाषः 011.24198000 एक्सटेंशनः 8827
फैक्सः 011. 24198817 वेबसाइटः http://newdelhi.usembassy.gov

17 मार्च, 2009

बंगलौर के इंजीनियर ने अमेरिकी विदेश विभाग की वैश्विक वीडियो प्रतियोगिता जीती

नई दिल्ली -- बंगलौर के बिजॉय थंगराज को आज अमेरिकी विदेश विभाग की प्रतियोगिता ''माई कल्चर+योर कल्चर =?" प्रतियोगिता का विजेताओं में एक घोषित किया गया है। उनका तीन मिनट का वीडियो ''माई कल्चर+योर कल्चर=वर्ल्ड ऑफ वंडर'' को जजों के एक पैनल द्वारा 170 से भी अधिक वीडियो में से चुना गया है।

थंगराज को अपने व्यावसायिक और रचनात्मक रुचियों को खोजने के लिए दो सप्ताह के कार्यक्रम के लिए अमेरिका आमंत्रित किया जाएगा तथा एडोबी फाउंडेशन द्वारा मल्टी-मीडिया सॉफ्टवेयर पैकेज प्रदान किया जाएगा।

अमेरिकी दूतावास की प्रवक्ता एलिज़ाबेथ फिट्ज़्सिमॉन्स ने कहा, ''विजॉय के वीडियो में प्रतियोगिता की प्रेरणा है, जिसक भारत, अमेरिका और दुनिया की संस्कृतियों के रंगीन चित्रों से सजाया गया है। इसमें संवेदनशील आरोही लय और शांति के संदेश के साथ संगीत रचना की गई है।''

वैश्विक इंटरनेट की इस वीडियो प्रतियोगिता की शुरुआत मिश्रित सांस्कृतिक समुदाय तथा आपसी समझ को बढ़ावा देने के लिए अमेरिकी विदेश विभाग द्वारा की गई थी।

यह वीडियो ''माई कल्चर+योर कल्चर = वर्ल्ड ऑफ वंडर'' के साथ साथ अन्य विजेता वीडियो http://exchanges.state.gov/ or http://newdelhi.usembassy.gov/ ऑनलाइन देखे जा सकते हैं।

***